हमीरपुर पुलिस

मिशन शक्ति अभियान फेज- V

दिनाँक- 29.10.2024

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मा0 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व अभियानों की भांति एक व्यापक कार्य योजना तैयार कर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर दिनांक 03.10.2024 से मिशन शक्ति फेस- V का 90 दिवसीय विशेष अभियान शुभारंभ किया गया।

इस विशेष अभियान के अंतर्गत गृह विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार स्तर से जारी आदेश / निर्देश की रुपरेखा तैयार करके महिला पुलिस कर्मियों एवं सरकारी विभागों से समन्वय स्थापित कर महिला सुरक्षा, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना एवं महिला हिंसा से संबंधित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबर फोरम के संबंध में जानकारी प्रदान करने संबंधित कार्यक्रम संपादित किए जाएंगे।

➢ **90 दिवस की अवधि के दौरान निम्नलिखित विशेष अभियान संचालित किए जाएंगे:-**

आपरेशन का नाम	कार्यक्रम का विवरण
आपरेशन गरुड	महिलाओं एवं बच्चियों से संबंधित साइबर अपराध के पंजीकृत अभियोगो एवं प्रार्थना पत्रों का शतप्रतिशत निस्तारण करना।
आपरेशन शील्ड	एसिड की अवैध बिक्री एवं वितरण के विरुद्ध अभियान
आपरेशन डेस्ट्राय	अश्लील सीडी / डीवीडी / पुस्तकें / साहित्य / सामग्री आदि की चेकिंग एवं बरामदगी / जब्तीकरण
आपरेशन बचपन	बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह के विरुद्ध प्रदेश स्तरीय अभियान चलाकर बालिकाओं को अवमुक्त कराना
आपरेशन खोज	गुमशुदा बच्चों / बालिकाओं हेतु रेलवे स्टेशन / बस स्टेशन / बाल गृहों / एनजीओ द्वारा खुले संचालित आश्रय ग्रहों आदि का भौतिक निरीक्षण करना एवं बरामद बच्चों को पुनर्वासित कराना
आपरेशन मजनू	महिला स्कूल / कॉलेज के आसपास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स अवांछनीय तत्वों का मनचलो के विरुद्ध अभियान
आपरेशन नशा मुक्ति	शराबी नशेड़ी एवं अन्य प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करना एवं संदिग्ध स्थलों (हॉट स्पॉट) का चिन्हीकरण करते हुए विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करना
आपरेशन रक्षा	अवैध स्पा सेंटरों, मसाज पार्लरों / होटलों में मानव तस्करी कर लाई गई महिलाओं / बालिकाओं को रेस्क्यू करना एवं उन्हें पुनर्वासित करते हुए विधिक

	कार्रवाई सुनिश्चित करना
आपरेशन ईगल	महिला संबंधी अपराधों में वांछित / प्रकाश में आए अभियुक्तों तथा जेल से बाहर आए अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करना

इस सम्बन्ध में शासन एवं कानून व्यवस्था उ०प्र० के पत्र में उल्लिखित बिंदुओं के साथ-साथ 02-02 दिवसवार कार्यक्रमः-

- ❖ वर्किंग वूमेन हॉस्टल में मिशन शक्ति क्षेत्र के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम एवं शिकायतों का निस्तारण, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांव, वार्ड, मोहल्लों के रिहायशी क्षेत्र में चौपाल लगाकर जन जागरूकता एवं शिकायतों का निस्तारण एवं क्षेत्र के प्रमुख बाजारों / कस्बों / कॉर्पोरेट क्षेत्र प्रमुख चौराहा में जन जागरूकता शिकायतों का निस्तारण करना आदि किए जाएगें।
- ❖ साइबर अपराध से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी साझा की गई तथा साइबर हेल्पलाइन नम्बर **1930** के उपयोग के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं की सुरक्षा व समस्या का त्वरित निस्तारण का आश्वासन भी दिया गया।
- ❖ बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया।
- ❖ महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर **1090** व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया।
- ❖ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमें का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया।
- ❖ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **1090** वीमेन पावर लाइन , **181** वीमेन हैल्पलाइन , **112** पुलिस आपातकालीन सेवा , **102** गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, **108** एम्बुलेंस सेवा, **1098** चाइल्ड लाइन, **101** अग्निशमन सेवा व **1930** साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

थाना सुमेरपुर

मिशन शक्ति अभियान फेज– V के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु थाना सुमेरपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र अन्तर्गत भिन्न-भिन्न स्थानों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
#MissionShakti

थाना मुस्करा

मिशन शक्ति अभियान फेज– V के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु थाना मुस्करा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भिन्न-भिन्न स्थानों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
#MissionShakti

थाना जलालपुर

मिशन शक्ति अभियान फेज–V के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु थाना जलालपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भिन्न-भिन्न स्थानों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
#MissionShakti

थाना ललपुरा

मिशन शक्ति अभियान फेज–V के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु थाना ललपुरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भिन्न-भिन्न स्थानों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।